तापमान

अधिकतम 34.1 डिग्री
न्यूनतम 16.1 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 20 मार्च 2025

12 पूर्व मंत्री ने किया विकास योजनाओं का उद्घाटन

12 अनाजमंडी में शुरू हुई सरसों की सरकारी खरीद

खबर संक्षेप

राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट

कुरुक्षेत्र। गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नई दिल्ली में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति के स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की जानकारी ली और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। दोनों नेताओं के बीच विभिन्न विषयों पर सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई।

नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 4 साल की सजा

पानीपत। पानीपत जिले की फास्टट्रैक कोर्ट ने नाबालिग से छेड़छाड़ करने के दोषी को सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी मोहित को 4 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 27 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न देने पर दोषी को 4 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। बापौली थाना पुलिस को दी शिकायत में एक पिता ने बताया कि 9 जुलाई 2023 को उसकी बेटी सामान लेकर गांव लौट रही थी। रास्ते में मोहित ने उसकी बेटी का रास्ता रोका और उसके साथ बदतमीजी की।

खनन विभाग ने अवैध खनन पर लगाई लगाम

पानीपत। उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया के दिशा निर्देश पर जिले में प्रशासन द्वारा अवैध माइनिंग का कार्य करने वालों पर ठोस कार्रवाई की जा रही है।जिला माइनिंग अधिकारी निरंजन ने बताया कि आज सुबह 6:30 बजे माइनिंग की टीम ने आटा गांव के पास ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर अवैध माइनिंग का कार्य करने वाले एक वाहन संचालक के वाहन की जांच की व नियम के विरुद्ध पाने पर 2 लाख 12 हजार रुपए जुर्माना किया व उनके ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया गया। इस दौरान अन्य वाहनों की भी जांच की गई।

बातों में उलझाकर महिला से लूटी नगदी व गहने

पानीपत। गौशाला मंडी के गेट पर दो ठगों ने एक महिला को अपना शिकार बनाया। उन्होंने रास्ता पूछने के बहाने महिला को रोका। इसके बाद वे उससे किराया लेने के बहाने उसे दूसरी गली में ले गए। जहां उन्होंने उसे बातों में उलझाकर उसके कान के कुंडल और नकदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

'आईडिया कृर्ति 7.0 का आयोजन 20 से 26 तक

करनाल। पं. चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने बताया कि महाविद्यालय में स्थित स्टार्टअप इनक्यूबेटर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 6 दिन का विशेष इवेंट आइडिया कृति 7.0 का आयोजन 20 से 26 मार्च तक किया जा रहा है। यह इवेंट महाविद्यालय के स्टार्टअप इनक्यूबेटर का 7वां संस्करण है और इस कार्यक्रम में छात्रों को व्यापार शुरू करने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। स्टार्टअप इनक्यूबेटर की शुरुआत 2019 में हुई थी और तब से यह कॉलेज के छात्रों को अपनी खुद की स्टार्टअप कंपनी स्थापित करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

प्लास्टिक बैग में मिला नवजात बच्ची का शव

यमुनानगर। पुराना हमीदा में मां की ममता तार तार हो गई है। सात माह की बच्ची को जन्म देने के बाद महिला ने उसे प्लास्टिक के बैग में डालकर हमीदा की ब्रह्मपुरी मोहल्ले में नाले के नजदीक फेंक दिया। कुत्ते जब बैग को खींच रहे थे तो लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने प्लास्टिक का बैग खोलकर देखा तो उसमे करीब सात माह की नग्न बच्ची का शव पड़ा था।

होली के दिन पड़ोस में हुआ झगड़ा, तभी से आरोपी पक्ष दे रहा था धमकी

पानीपत में दो युवा दोस्तों की चाकू से हत्या, पुलिस की चार टीमें गठित

नीरज 10वीं का छात्र था और सूरज इस्त्री का काम करता था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

- दोहरी हत्या को होली के दिन हुए विवाद से जोड़कर देखा जा रहा

नूरवाला में दो दोस्तों की चाकू गोद कर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि होली के दिन पड़ोस में झगड़ा हुआ था। तभी से आरोपी पक्ष हत्या करने की धमकियां दे रहा था।

इसी बीच मंगलवार रात करीब साढ़े 9 बजे दोनों को चाकुओं से गोद दिया। आनन-फानन में दोनों को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद दोनों

पानीपत। घटनास्थल का निरीक्षण करने जाते एसपी लोकेंद्र सिंह व अन्य।

शवों का पंचनामा भरवा कर शवगृह में रखवा दिया गया है। तहसील कैंप थाना पुलिस को दी शिकायत में विनोद कुमार ने बताया कि वह जसबीर कॉलोनी नूरवाला का रहने वाला है। उसके पास एक बेटा व दो बेटियां हैं। उसके बेटे नीरज की उम्र 18 साल है। नीरज का दोस्त सूरज निवासी जसबीर कॉलोनी था। नीरज और सूरज 18 मार्च की रात करीब 9 बजे घर से घूमने के लिए निकले थे। लगभग साढ़े 9 बजे नीरज के फोन से कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि आपके बेटे नीरज को चोट लगी है और वह जसबीर कॉलोनी में खाली जगह पर पड़ा हुआ है। परिजनों को वहां पता लगा कि नीरज को अस्पताल लाने से पहले सूरज को भी घायल अवस्था में सिविल अस्पताल ले जाया गया था। जिसको प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया था। लेकिन कागजी कार्रवाई के दौरान उसकी भी मौत हो गई थी। परिवार वालों को पता लगा कि दोनों दोस्तों को हैप्पी तोमर, गौरव उर्फ जलेबी, जोनी गौतम, सन्नी बंजारा, गजनी, मोदा, कुलदीप, रणजीत, आर्यन उर्फ मोटा, अरूण व विकुल ने मिलकर तेजधार हथियार से चोटें मारकर हत्याएं की हैं। वहीं जानकारी के अनुसार उक्त दोहरी हत्या को होली के दिन हुए विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। उस दिन सूरज के छोटे भाई गोविंदा का पड़ोस के युवक के साथ झगड़ा हो गया था।

पड़ोसी ने गोविंदा की पिटाई कर दी थी। हालांकि बाद में समझौता हो गया था। जिस युवक के साथ गोविंदा का झगड़ा हुआ था, सोमवार को उसकी किसी ने पिटाई कर दी। मारपीट का शक गोविंदा पर गया। मंगलवार रात सूरज के पड़ोस में रहने वाले जॉनी ने उनके घर बताया कि सूरज को किसी ने चाकू मार दिया है। वहीं नीरज 10वीं में पढ़ता था और इकलौता बेटा था। सूरज का परिवार मूलरूप से नेपाल का है। वह रात में प्रेस का काम करता था। दिन में प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में काम करता था।

गिरफ्तारी जल्द

एसपी लाकेंद्र सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बुधवार अल सुबह स्वयं डीएसपी मुख्यालय सतीश गौतम व थाना तहसील कैंप प्रभारी के साथ घटना स्थल का मौका मुआयना किया। उन्होंने मौके पर ही थाना तहसील कैंप पुलिस टीम के अतिरिक्त सीआईए की तीनों युनिट प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर आरोपियों की जल्द से जल्द धरपकड़ के निर्देश दिए। गठित की पुलिस की चारों टीमें आरोपियों की धरपकड़ में जुटी हुई हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपी जल्द ही पुलिस की पकड़ में होंगे।

ट्रेन के आगे धक्का देकर की थी युवक की हत्या, तीन काबू

- एक आरोपी को पुलिस ने लिया रिमांड पर, दो को भेजा जेल
- रेलवे लाइन से मिली थी युवक की लाश, रंजिश की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों में एक किशोर भी शामिल है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को रिमांड पर लिया है। दूसरे आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। आरोपियों पर एक युवक को ट्रेन के आगे धक्का देकर हत्या करने का आरोप है। पकड़े गए आरोपियों में छावनी के न्यू प्रीत नगर के रहने वाले संचित ग्वाल मंडी का कर्ण व एक किशोर शामिल है।

पुलिस ने आरोपी संचित को एक दिन के रिमांड पर लिया है। छावनी के ही पल्लेदार मोहल्ले के रहने वाले घनश्याम ने 8 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई कि उसका पुत्र घर से अपने दोस्तों के साथ पार्टी में जाने के लिए कहकर गया था। इसके बाद उसका कहीं भी सुराग नहीं लगा। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। 11 फरवरी 2025 को रेलवे पुलिस को रेलवे लाइन से एक

अंबाला। युवक की हत्या के मामले में पकड़े गए आरोपी।

लड़के की नाश मिली थी। जीआरपी पुलिस द्वारा लाश का पोस्टमार्टम करवाया गया। जांच के दौरान पता चला कि मृतक के दोस्त संचित, कर्ण व अन्य ने रंजिश के चलते उसे ट्रेन के आगे धक्का दे दिया था। इसी वजह से उसकी मौत हो गई थी।

हत्या के प्रयास में काबू

थाना साहा में दर्ज जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी नितिन कुमार को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

सलीम ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी दिनेश पाल उर्फ देशी व अन्य ने गांव लाहा माजरी में उस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। अब पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को काबू किया है।

शादीशुदा महिला से शारीरिक संबंध बनाकर अश्लील वीडियो बनाया

- महिला का आरोप, वीडियो के जरिए कई बार किया ब्लैकमेल
- पीड़िता व उसके बेटे को जान से मारने की दी धमकी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुलाना

क्षेत्र के एक गांव में शादीशुदा महिला से पहले दोस्ती कर फिर शारिरिक संबंध बनाते समय वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके मना करने पर भी आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार जबरन संबंध बनाए ।

पीडिता ने आरोपी पर उसके बच्चे को भी जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

शादीशुदा महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका एक बेटा भी है। वह अपने बेटे को गांव के बस स्टैंड पर स्कूल छोड़ने व लेने जाती थी । वहीं एक जूस की दुकान पर आरोपी लड़का रवि बैठता था । उसने कहीं से पीडिता की इंस्टाग्राम आईडी ले ली । इंस्टाग्राम पर ही रवि ने महिला से दोस्ती कर ली। इसके बाद दोनों बातचीत शुरू हो गई। आरोपी के कहने पर पीडिता उसके घर मिलने चली गई । महिला का आरोप है कि यहां आरोपी रवि ने उसके साथ शारिरिक संबंध बनाए ।महिला की मानें तो आरोपी ने चोरी छुपे उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। पीडिता को इसकी भनक तक नहीं लगी। इसके बाद वह पीडिता को मिलने के लिए बार बार बुलाने लगा। एक दिन पीडिता ने आरोपी को मिलने से मना किया तो रवि ने उसे बताया कि उसके पास शारिरिक संबंध बनाते समय की वीडियो है।

पति को भी धमकी दी

आरोपी ने उसे वीडियो वायरल करने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि इसी मजबूरी का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। एक बार पीडिता ने उसे मिलने से बिल्कुल मना कर दिया तो आरोपी ने उसे उसके बच्चे को जान से मारने की धमकी दी । तब डर के कारण महिला ने सारी बात अपने पति व मायके वालों को बताई। महिला के पति ने जब आरोपी को फोन किया तो उसने उसको जान से मारने की धमकी दी।

कलयुगी बेटे ने ड्रिल मशीन से की थी मां-बाप की हत्या

- आरोपी को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया
- आरोपी बेटे का पिता के साथ प्रॉपर्टी को लेकर विवाद था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

कमालपुर रोडान गांव में कलयुगी बेटे ने अपने ही मां-बाप को मौत के घाट उतार दिया। हत्याकांड को अंजाम देने के लिए आरोपी ने ड्रिल मशीन का इस्तेमाल किया।

आरोपी डीपीएस स्कूल करनाल में बस ड्राइवर है और वहीं से इसने एक मिस्त्री से ड्रिल मशीन का इंतजाम किया था और उसको एक कट्टे में डाला। अपने साथ काम करने वाले टिकरी गांव के दोस्त की कार का इस्तेमाल भी वारदात में किया। इंद्री के डीएसपी सतीश गौतम ने खुलासा किया कि आरोपी ने कार की नंबर प्लेट उतार दी थी और रात को करीब एक बजे वह संगोहा व दरड़ गांव के रास्ते से होता हुआ कमालपुर रोडान गांव में पहुंच गया था। 13-14 मार्च की दरमियानी रात को वह दीवार फांदकर अपने घर में घुस गया, उसे पता था कि उसका पिता होली वाले दिन शराब पीता है। चूंकि उसका पिता नशे में था, उसने ड्रिल सीधे उसके सिर में घुसा दी और फिर मां ने शोर मचाया तो उसने मां को भी सिर में ड्रिल मशीन घुसाकर मार दी।

फर्श पर खून बिखर गया था, उसने खून को साफ भी किया लेकिन खून ज्यादा था, वहीं पर उसे करीब ढाई बज गए थे। ज्यादा खून न बहे इसके लिए उसने दरी का इस्तेमाल किया और उन पर दोनों शव डाल दिए।

कार को बैक करने के बाद डिग्गी में पहले मां फर्श पर खून बिखर गया था, उसने खून को साफ भी किया लेकिन खून ज्यादा था, वहीं पर उसे करीब ढाई बज गए थे। ज्यादा खून न बहे इसके लिए उसने दरी का इस्तेमाल किया और उन पर दोनों शव डाल दिए। उसके बाद वापिस इसी रास्ते से टिकरी गांव में पहुंचा और कार को अपने दोस्त के घर के बाहर खड़ा किया। पुलिस को बेटे पर शक था, जिसे हिरासत में लिया गया और सारे सबूत आरोपी बेटे की तरफ इशारा कर रहे थे। जब सबूत ढूंढे गए और आरोपी को दिखाए गए तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

ये है पूरा मामला

गांव कमालपुर रोडान में महेंद्र सिंह अपनी पत्नी बाला के साथ घर पर रहता था। उसका हिम्मत नाम का बेटा है और एक बेटी है। बेटी की भी शादी हो चुकी है और बेटे ने करीब 9 महीने पहले अरेंज मैरिज की थी। वह करनाल के उचाना गांव में अपनी पत्नी के साथ किराये के मकान में रह रहा था। हिम्मत सिंह डीपीएस स्कूल करनाल में ड्राइवरी का काम करता था। उसके पिता उसकी शादी से नाराज थे और प्रोपर्टी को लेकर दोनों के बीच झगड़ा होता रहता था। हत्याकांड को अंजाम हिम्मत 13 मार्च की आधी रात को कमालपुर गांव में अपने दोस्त शिव की कार लेकर पहुंचा था।

पिता का शव नहीं मिला

बाद में पता चला कि आरोपी बेटे का अपने पिता के साथ प्रॉपर्टी विवाद था। मामला कोर्ट में भी चल रहा है। आरोपी को 5 दिन के रिमांड पर लिया गया है ताकि आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा सके। फिलहाल महेंद्र सिंह का शव नहीं मिल पाया है, एसडीआरएफ की टीम उसकी तलाश में लगी हुई है।

बकाया संपत्ति कर वाले सरकारी भवन होंगे सील : सिन्हा

- 15 से अधिक विभागों पर है दस करोड़ से अधिक संपत्ति कर बकाया
- सरकारी विभागों के अधिकारियों की निगमायुक्त ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

बकाया संपत्ति कर के सरकारी विभागों के अधिकारियों की निगम कार्यालय यमुनानगर में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने की। इस दौरान बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि पहुंचे। निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने सभी

यमुनानगर। बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते निगमायुक्त आयुष सिन्हा।

विभागों के अधिकारियों से बातचीत कर बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जल्द से जल्द जमा कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्हें कड़ी चेतावनी दी कि यदि प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं कराया तो विभाग के कार्यालय को भी सील करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में सरकारी विभागों के विभिन्न भवन बने हुए हैं। जिन पर 10 करोड़ रुपये अधिक प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। नगर निगम द्वारा सरकारी विभागाध्यक्षों को डीओ लेटर जारी कर बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के निर्देश दिए थे। कुछ विभागों द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स जमा करा दिया गया है। कुछ ने उच्च अधिकारियों से टैक्स जमा कराने के लिए बजट की मांग की। लेकिन कुछ विभागों द्वारा इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई। कुछ अधिकारियों ने कहा कि उनकी तरफ से उच्च अधिकारियों को प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के लिए बजट की मांग की गई है।

ट्रक चालक की संदिग्ध हालत में मौत

- मृतक के परिजनों ने कंपनी कर्मियों पर मौत छिपाने का आरोप लगाया
- अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मौत को संदिग्ध बताया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिले के रादौर में क्षेत्र में मेरठ निवासी 25 वर्षीय दीपक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। इसकी हार्ट अटैक से मौत बताई गई है।

मेरठ के चिकित्सकों ने हार्ट अटैक में मुंह व नाक से खून आने पर सवाल उठाए हैं। जिस पर उसके परिजन मृतक का पोस्टमार्टम कराने के लिए सिविल अस्पताल यमुनानगर लाए। यहां डॉक्टरों के पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चालक की मौत के कारणों का पता लग सकेगा। मृतक के पिता कृष्ण पाल कश्यप ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा दीपक एसीसी सीमेंट कंपनी में अपनी खुद की गाड़ी चलाता था। वह दो दिन पहले रादौर क्षेत्र में सीमेंट उतारने आया था। यहीं पर उसकी मौत हो गई। उनको मौत की सूचना तुरंत नहीं दी गई। एक.दो दिन रुक कर बताया कि उनके बेटे की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उसके बेटे के सहकर्मी ने फोन कर परिवार को सूचित किया कि दीपक की मौत हार्ट अटैक से हुई है। परिजन तुरंत रादौर पहुंचे।

रिपोर्ट का इंतजार

परिजनों ने कंपनी कर्मचारियों पर मौत छिपाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मौत की सूचना एक दिन बाद क्यों दी गई। परिवार ने शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। रादौर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच अधिकारी संजीव कुमार के मुताबिक सिविल अस्पताल में डॉक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। रिपोर्ट मिलने पर मामले के बारे में पता चलने की उम्मीद है। मृतक के परिजनों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

कुवि में एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन

एनईपी बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देता है: शर्मा

- उद्योगों के साथ सहयोग पर भी जोर देती है एनईपी नीति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सहयोग से सीनेट हॉल में उच्च शिक्षा संस्थानों में कौशल आधारित पाठ्यक्रमों और माइक्रो-क्रेडेंशियल्स पर एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि एनईपी 2020 बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देता है, जिसमें प्रवेश और

कुरुक्षेत्र। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते अतिथिगण।

निकास के कई विकल्प दिए जाते हैं, जिससे शिक्षार्थियों को अपनी शैक्षणिक यात्रा में अधिक लचीलापन मिलता है। इसे अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) के माध्यम से सुगम बनाया जाता है, जो शैक्षणिक उपलब्धियों के निर्बाध हस्तांतरण और मान्यता को सक्षम बनाता है, व्यक्तिगत और लचीले शिक्षण मार्गों को बढ़ावा देता है। यह नीति उद्योगों के साथ सहयोग पर भी जोर देती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र रोजगार बाजार की बदलती मांगों के अनुरूप रोजगार योग्य कौशल विकसित करें।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सबसे पुराना विश्वविद्यालय है। अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को नैक द्वारा उच्चतम ग्रेड ए-प्लस-प्लस प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को इसके सभी प्रावधानों के साथ विश्वविद्यालय तथा संबंधित कॉलेजों में देश में सर्वप्रथम लागू किया गया है।

कौशल भी जरूरी

कार्यशाला के लिए हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बधाई संदेश प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि युवाओं को जीवन में वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करने का माध्यम होनी चाहिए। ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक कौशल भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के बीच सांझेदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

हेरोइन बेचने के लिए खड़े युवक को किया गिरफ्तार

- आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

शहर के जोडिया गुरूद्वारे के नजदीक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़े युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी से नौ ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

फरकपुर चौकी के इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि एक व्यक्ति गुरुद्वारे के पीछे नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत मौका पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों

में खड़े युवक को काबू कर लिया। आरोपी की पहचान पुराना हमीदा निवासी जिंदा हसन के नाम से हुई। युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे नौ ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी कीमत करीब 40 हजार रुपये है। उसने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

खबर संक्षेप

बाइक सवार युवकों ने की मारपीट, छीना मोबाइल

यमुनानगर। गांव मानकपुर के नजदीक बाइक सवार तीन युवकों ने मानकपुर फेस टू निवासी राजिंद्र कुमार के साथ मारपीट कर उससे मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार राजिंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम छह बजे गांव मानकपुर के पास से जा रहा था। रास्ते में बाइक सवार तीन युवकों ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने उसके पास से मोबाइल छीन लिया। उसके शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सब्जी विक्रेता पर लोहे की रॉड से हमला, रेफर

यमुनानगर। शहर के पुराना हमीदा में सब्जी बेचने वाले युवक पर कॉलोनी के ही कुछ युवकों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक आरोपी युवक को नामजद करते हुए चार अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पुराना हमीदा निवासी सौदा प्रसाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तथा उसका लड़का कृष्ण कुमार कॉलोनी में पानी की टंकी के पास सब्जी की रेहड़ी लगाते हैं। उसने वहीं पर एक दुकान किराए पर ली हुई हैं। वह दुकान में ही रात को सोता है। रात साढ़े नौ बजे कृष्ण उसे दुकान पर खाना देकर बाइक पर घर लौट रहा था। जब वह मल्होत्रा स्वीट हाउस के पास पहुंचा तो कॉलोनी के ही कार्तिक ने उसे रोक लिया। इस दौरान कार्तिक के साथ चार अन्य युवक भी थे। आरोपियों ने उसके लड़के पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे वह लहू लुहान होकर नीचे गिर गया। शोर सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। उसने अपने लड़के को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से डॉक्टरों ने उसके लड़के की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रैफर कर दिया। आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी युवक कार्तिक को नामजद करते हुए चार अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जिला सचिवालय में डीसी ने ली प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

बाढ़ के संभावित खतरों से निपटने को समय रहते सभी प्रबंध करें पूर्णः गुप्ता

मानूसन को देखते हुए पहाड़ी क्षेत्रो के कैचमेंट एरिया में अधिक वर्षा की संभावना को देखते हुए बाढ़ से बचने की पुख्ता तैयारी करने के दिए निर्देश

यमुनानगर। सचिवालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में बाढ़ रोकथाम के इंतजामों को लेकर निर्देश देते डीसी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मानसून सीजन के दौरान जिला के उत्तरी पहाड़ी क्षेत्रो के कैचमेंट एरिया में अधिक वर्षा होने की स्थिति में संभावित बाढ़ के खतरो से निपटने के लिए जिला सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाढ़ के खतरों से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों एवं प्रबंधो के बारे में समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने समय रहते संभावित बाढ़ के खतरों से निपटने के लिए सभी तैयारियां व प्रबंध पूरे किए जाने के लिए दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि आपदा के समय आपसी समन्वय से जानमाल की बेहतरीन सुरक्षा की जा सकती है। साहस और समझबूझ के साथ.साथ दक्षता से अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी संभावित बाढ़ वाले स्थानों को चिन्हित कर लें और सुदृढ़ व्यवस्था करें। प्रशासन की तरफ से बाढ़ आपदा राहत कार्यों के लिए जिला राजस्व अधिकारी नोडल अधिकारी होगें। उन्होंने जिला राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन प्लान जल्द से जल्द अपडेट करवाएं।

उन्होंने कार्यकारी अभियंता नगर निगम व कार्यकारी अभियंता पब्लिक हैल्थ विभाग को नालों और सीवरेज की सफाई के लिए जो भी टेंडर देने हैं। वे सभी टेंडर एक सप्ताह के अंदर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक्शन प्लान बनाकर नाले और नालियों की सफाई करवाएं और 15 मई तक सभी कार्य पूरे करवाएं। उन्होंने बीडीपीओ को निर्देश दिए कि पटवारी व सरपंच के साथ गांव में क्रीटिकल स्थान चिन्हित कर लें।

नौकाओं व गोताखोरों को रखें हमेशा मुस्तैद

डीसी पार्थ गुप्ता ने अधिकारियों को बाढ़ के दौरान स्थिति से निपटने के लिए नौकाओं एवं गोताखोरों को संसाधनों सहित मुस्तैद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सोमनदी, पथराला नदी व यमुनानदी सहित जरूरत की जगहों पर ठोकरों व तटबंधों की सुरक्षा पुख्ता करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सिचांई एवं जल संसाधन विभाग, नगर निगम, जन स्वास्थ्य एवं जलापूर्ति अभियांत्रिकी विभाग हर तरह से पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिचांई विभाग कॉम्यूनिकेशन सिस्टम सही ढंग से तैयार करे। ताकि लोगो को संभावित बाढ़ के खतरों की पहले से ही जानकारी मिल सके। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा, जगाधरी के एसडीएम सोनू राम, छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, नगराधीश पीयूष गुप्ता, जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता व संचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता रवि मित्तल आदि मौजूद रहे।

सफाई व्यवस्था का बेहतर रूप से करें प्रबंध : एसडीएम

रादौर। कस्बा में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए प्रशासन मुस्तैद हो गया है। इसके तहत एसडीएम रादौर नरेंद्र सिंह ने कस्बा के वार्ड संख्या चार में निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर नपा के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीएम नरेंद्र सिंह अधिकारियों के साथ रादौर के वार्ड संख्या चार में पहुंचे। उन्होंने फिरनी के साथ बने गंदे पानी के नाले का निरीक्षण कर अधिकारियों को सफाई के बेहतर प्रबंध किए जाने के आदेश दिए। साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कड़े कदम उठाने की बात कही। बस स्टेंड रोड पर बने गंदे पानी के नाले का भी निरीक्षण किया। नालों की सफाई को प्रतिदिन करवाए जाने के आदेश दिए। एसडीएम ने पश्चिमी यमुनानहर की पटरी के साथ बने नालो में फैली गंदगी को

रादौर। वार्ड में सफाई को देखते एसडीएम

साफ करवाने की बात कही। पार्षद जसवंत सिंह व राजीव आर्य सन्नी ने एसडीएम के समक्ष कच्चे घाट के आसपास सफाई करवाने की मांग की। पश्चिमी यमुना नहर के साथ साथ गंदगी फैली होने के कारण शहर में मच्छर व मक्खी का प्रकोप होने से बीमारियां बढ़ रही हैं। इस अवसर पर नपा सचिव गुलशन कुमार, एमई संदीप शर्मा, बीआई आदित्य कांबोज, सफाई निरीक्षक गोविंद शर्मा व नपा दरोगा

सरकार पूर्व कर्मचारियों की मांगों को अमलीजामा पहनाए : यशपाल

रादौर। रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा की ओर से बुधवार को रादौर की कांबोज धर्मशाला में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक उप प्रधान अमरनाथ सैनी ने की। बैठक में ब्लॉक सचिव यशपाल ने कहा कि पूर्व कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। संघ ने 11 मार्च को कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शन में अपनी मांगों का ज्ञापन भेजते हुए सरकार से अपील की कि सरकार जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा कर रिटायर्ड कर्मचारियों को राहत प्रदान करें।

- कंबोज धर्मशाला में रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने किया मासिक बैठक का आयोजन, 11 मार्च को कुरुक्षेत्र की रैली में उठाई गई मांगों को पूरा करने की मांग

65 व 70 की आयु में 10 प्रतिशत बढ़े पेंशन

उन्होंने सरकार से मांग की कि 65, 70 वर्ष की आयु पर पेंशन 10-10 प्रतिशत की वृद्धि की जाये। पूर्व कर्मचारी महिपाल चमरोड़ी ने कहा कि सरकार कैशलेस मेडिकल सुविधा आयुष्मान योजना के माध्यम से देना चाहती है। रिटायर्ड कर्मचारी संघ इसका पुरजोर विरोध करता है। कैशलेस मेडिकल सुविधा पूर्ण रूप से सरकार द्वारा लागू किया जाये। मेडिकल भत्ते में वृद्धि की जाये।

कमुटेशन की अवधि 10 वर्ष की जाये। डीए की बकाया 3 किस्तें जल्द जारी की जाएं। पेंशन की राशि आयकर मुक्त की जाए। साथ ही सभी कर्मचारियों पर पुरानी पेंशन योजना लागू की जाये। इसके अलावा सभी कर्मचारियों को बस, रेल व हवाई जहाज यात्रा के किराये में पहले की तरह छूट दी जाये।

सरकार केवल कॉपोरेट जगत की हितकारी

प्यारेलाल तंवर ने कहा कि सरकार लगातार पूर्व कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा कर रही है। सरकार केवल कॉर्पोरेट जगत के हितों की पैरोकार बनी हुई है। आम लोगों पर टैक्स का बोझ बढ़ाया जा रहा है। कॉर्पोरेट जगत को टैक्स में छूट दी जा रही है। बड़े पूंजीपतियों से चंदा लेकर सरकारी संपत्तियां कौड़ियों के भाव उन्हें सौंपी जा रही है। पूर्व कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी से पूर्व कर्मचारियों में भारी रोष है।

निजी अस्पताल के डॉक्टर को बाइक सवार युवकों ने पीटा, केस

- अस्पताल से छुट्टी कर कार से घर जाते समय रास्ते में वारदात को दिया अंजाम
- डॉक्टर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के निजी अस्पताल में नौकरी कर रहे डॉक्टर आदिल के साथ बाइक सवार युवकों ने जमकर मारपीट की। डॉ. आदिल रात को अस्पताल से छुट्टी कर कार में घर जा रहा था। घायल डॉक्टर का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव मंडौली निवासी डॉ. आदिल ने शिकायत में बताया कि वह शहर के निजी अस्पताल में पिछले पांच साल से काम कर रहा है। वह रात साढ़े नौ बजे अस्पताल से छुट्टी कर अपनी कार में घर जा रहा था। वह थोड़ी दूर ही चला था कि बाइक पर सवार होकर तीन युवक आए। आरोपियों ने उसकी कार के सामने अपनी बाइक रोक ली। जिसके बाद आरोपी युवकों ने उसे कार से नीचे उतारकर उसके साथ मारपीट की। इस दौरान बाइकों पर अन्य युवक भी आ गए। उन युवकों ने भी उसके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान एक लाल बत्ती कार वहां से गुजरी। जिसे आता देखकर आरोपी वहां से भाग गए। वह किसी तरह अस्पताल में पहुंचा। अस्पताल के स्टाफ ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

संतुलित खानपान से ही बीमारियों से बचाव संभव

- स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेषज्ञों डॉक्टरों ने 180 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

मौसम में बढ़ रहे तापमान की वजह से अस्थमा, सांस व शुगर जैसी बीमारियों से बचने के लिए लोगों को अपने खान पान पर विशेषकर ध्यान देना चाहिए। मरीजों को बदलते मौसम के चलते बाहरी खाद्य पदार्थों व तली हुई चीजों को खाने से परहेज करना चाहिए। उक्त शब्द अस्थमा एवं सांस रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने बुधवार को शहर के कैंप स्थित निर्मल अस्पताल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में कहे। इस मौके पर बाल रोग विशेषज्ञों ने बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच की।

शिविर में अस्थमा व दमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह के नेतृत्व में कुशल चिकित्सकों की टीम ने 180 मरीजों की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाइयां दी गई। इस दौरान अधिकांश मरीज सांस, अस्थमा, हृदय व दमा रोग के पाए गए। अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि आजकल मौसम के तापमान में बढ़ौत्तरी हो रही है। जिसकी वजह से सांस, दमा, हृदय, अस्थमा व शुगर के मरीजों को ऐहतियात बरतने की जरूरत है। डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि अस्पताल में पिछले कई वर्षों से हर माह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर लोगों की सेवा की जा रही है। उन्होंने जिला वासियों से शिविर में पहुंचकर लाभ उठाए जाने की अपील की। मौके पर बाल रोग विशेषज्ञों ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की।

बदलते मौसम में बढ़ने लगी सांस की समस्याएं

शिविर में सिपला कंपनी के प्रतिनिधि दीपक कुमार भाटिया ने बताया कि आजकल गर्मी का मौसम शुरु हो चुका है और मौसम में बदलाव चल रहा है। तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। ऐसे में सांस व दमा के मरीजों को नियमित स्वास्थ्य की जांच करवाए जाने की आवश्यकता है। दीपक कुमार भाटिया ने कहा कि सांस की बीमारियों को नजर अंदाज करना खतरनाक हो सकता है। समय पर उपचार से इन बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है। शिविर के आयोजन के सफल संचालन के लिए अस्पताल प्रशासन ने सिपला कंपनी का धन्यवाद व्यक्त किया।

सरोद वाद्य यंत्र पर जौनपुरी राग की प्रस्तुति पर मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

यमुनानगर। स्पिक मैके हैरिटेज क्लब, डीएवी गर्ल्स कॉलेज के संगीत विभाग व इंडियन नॉलेज सिस्टम का बुधवार को संयुक्त कार्यक्रम हुआ। जिसमें प्रख्यात कलाकार पंडित पार्थो सरोथी ने वाद्य यंत्र सरोद पर प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलकता से आए तबला कलाकार आशीष पॉल ने भी खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्रिंसीपल डॉ.सुरिंद्र कौर, संगीत विभाग अध्यक्ष डॉ.नीता द्विवेदी, इंडियन नॉलेज सिस्टम कनवीनर

यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में प्रस्तुति देते कलाकार।

डॉ.किरण शर्मा व पंजाबी विभाग अध्यक्ष गुरशरन कौर ने की। उन्होंने बताया कि इसमें 25 तार होती हैं। सरोद वाद्ययंत्र की जानकारी देते हुए पंडित पार्थो सरोथी व तबला कलाकार आशीष पॉल ने जुगलबंदी की।

जनता का हित भाजपा की प्राथमिकता

यमुनानगर। पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि जनता का हित हमेशा ही भाजपा की प्राथमिकता रही है। प्रदेश में भाजपा की सरकार ने सभी वर्गों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं शुरु की हुई हैं। यही वजह है कि आज देश के कई अन्य राज्यों की सरकारें हरियाणा सरकार की नीतियों को अपना रही हैं। उन्होंने उक्त शब्द बुधवार को जगाधरी विधानसभा के दर्जन भर गांव में जनसंपर्क के दौरान कहे।

उन्होंने बुधवार को गांव शाहपुर,अरनौली, तरनवाला, पौंटी, चाऊवाला, नाहरपुर, ताहरपुर, बलौली, तारूवाला, रायपुर, डमोली व बरौली माजरा आदि गांवों में जनसंपर्क किया। पार्टी कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से विभिन्न विकास कार्यों के विषय पर विचार विमर्श किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा एक संगठित पार्टी है। जनता का हित हमेशा उसकी प्राथमिकता रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनजन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर अन्य राज्यों की सरकारें भी योजनाओं को अपना रही हैं। पूर्व मंत्री ने बताया कि तीसरी बार हरियाणा में भाजपा सरकार भारी बहुमत से बनी है।

ग्लोबल इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों का वर्चुअल इंटरव्यू से किया हुआ चयन

रादौर। ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में बुधवार को टेक्नोलॉजी एंड सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनी मुवीडू नोएडा ने छात्रों का चयन वर्चुअल इंटरव्यू के माध्यम से किया। इस प्रक्रिया में छात्रों ने डिजिटल प्लेटफार्म पर अपने कौशल और क्षमताओं का प्रदर्शन किया, जिसके बाद उन्हें कंपनी में रोजगार के अवसर प्रदान किए गए।

मुवीडू के एचआर प्रमुख राजेश रमन ने कहा कि ग्लोबल कॉलेज के छात्रों में शानदार प्रतिभा देखी गई है। वर्चुअल इंटरव्यू प्रक्रिया ने हमें सही उम्मीदवार चुनना सुनिश्चित करने का मौका दिया। प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और सुलभ रही। छात्रों को हमारे संगठन में शामिल करके बहुत खुश हैं और हमें विश्वास है कि वे कंपनी की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। चयन पर जतिन, अंशिका, नैंसी, राजू मंडल, राजू शाह को संस्थान चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने शुभकामनाएं दी। प्लेसमेंट ऑफिसर बृजभूषण ने कहा कि हम अपने छात्रों को मुवीडू जैसी कंपनी में अवसर मिलना गर्व की बात है। वर्चुअल इंटरव्यू की यह प्रक्रिया न केवल छात्रों के लिए एक नया अनुभव रही।

चार कॉलोनियों में अवैध निर्माण पर चला डीटीपी का पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग ने यमुनानगर जगाधरी में पड़ने वाले राजस्व संपदा मौजा चनेटी, कैत व मामली में विकसित की जा रही चार अनाधिकृत कॉलोनियों में किए जाने रहे अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन की मदद से ढ़हा दिया। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने आमजन को अनाधिकृत कॉलोनियों में अपनी मेहनत की कमाई से कोई प्लॉट आदि खरीदने के लिए निवेश नहीं करने के लिए आहवान किया।

ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किए गए नायब तहसीलदार के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ चारों कॉलोनियों में किए गए अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन द्वारा ढ़हाया गया। अनाधिकृत कॉलोनियां का कुल क्षेत्रफल करीब दस एकड़ है और निर्माण कार्य का क्षेत्रफल 1.6 एकड़ रहा।

राम फोटो : हरिभूमि

अवैध निर्माण ध्वस्त करने से पहले दिए थे नोटिस

डीटीपी राजेश कुमार ने बताया कि अर्बन एरिया एक्ट नंबर 8 ऑफ 1975 व नियंत्रित क्षेत्र 41 ऑफ 1963 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई और अवैध कॉलोनी व निर्माण की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं ली गई। अवैध कॉलोनियों में किए गए निर्माण कार्य को ढ़हाया गया। उन्होंने सभी जनसाधारण को यह भी आदेश दिए है कि कोई भी व्यक्ति किसी अवैध कॉलोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न करें। जिला प्रशासन द्वारा उसके विरूद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

नलकूपों से उपकरण चोरी से भाकिसं में रोष, सौंपा ज्ञापन

बजट में किसानों के लिए किए प्रयासों को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय किसान संघ के सदस्यों ने बुधवार को जिला सचिवालय में पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल को ज्ञापन सौंपकर जिले किसानों के खेतों में लगे बिजली के नलकूपों से बिजली के उपकरण चोरी करने बढ़ रही घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने की मांग की। उन्होंने पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल से बिजली के उपकरण चोरी करने वाले आरोपियों की तलाश कर उन पर कड़ी कार्रवाई किए जाने और किसानों को इस समस्या से छुटकारा दिलाए जाने की मांग की। इससे पहले भाकिसं के सदस्यों ने किसान भवन में बैठक आयोजित कर सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना की।

यमुनानगर। एसपी राजीव देसवाल को ज्ञापन सौंपने के बाद जानकारी देते हुए भाकिसं के सदस्य।

भाकिस सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल संघ के प्रदेश के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह खजूरी व प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह उन्हेड़ी के नेतृत्व में जिला सचिवालय पहुंचा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल को सौंपे ज्ञापन में कहा कि फसलों के लागत के अनूरुप मूल्य नहीं मिलने से पहले ही किसान परेशान हैं। अब जिले में खासकर रादौर, थाना छप्पर व जठलाना क्षेत्र में किसानों के खेतों में लगे बिजली के नलकूपों से चोरों द्वारा बिजली के उपकरण चोरी करने की बढ़ रही घटनाओं ने किसानों की नींद हराम कर दी है। किसानों के खेतों से चोर नलकूपों की मोटरें, तांबे की तारें, केवल समेत अन्य हजारों रुपये के उपकरण चोरी करके किसानों की आर्थिक स्थिति और खराब कर रहे हैं। किसान किसी तरह अपने नलकूपों पर मोटरें व अन्य बिजली के उपकरण लगाता है।

मगर चोर कभी किसी किसान के नलकूप पर तो कभी किसी अन्य किसान के नलकूप से बिजली के उपकरण चोरी करके उन्हें हजारों रुपये का नुक्सान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल से नलकूपों से बिजली के उपकरण चोरी करने वाले चोरों की तलाश कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने और उनसे जिन किसानों के नलकूपों से बिजली के उपकरण चोरी किए हैं उस नुक्सान को वसूल कर पीड़ति किसान को दिलाए जाने की मांग की है।

किसी सरकार ने पहली बार बजट में किसानों को छुआ

भारतीय किसान संघ ने पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल से ज्ञापन दिए जाने से पहले शहर स्थित किसान भवन में बैठक आयोजित कर सरकार के आम बजट की सराहना की। इस दौरान बैठक में भाकिसं के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रताप सिंह खजूरी ने बताया हरियाणा सरकार ने पहली बार किसानों के मुद्दों को छुआ है। किसानों को कुछ देने का प्रयास किया है। चाहे वह दूध की मिनी डेयरी पर बिना ब्याज लोन हो या फिर बड़ी बिजली की लाइनों का मुआवजा हो, बागवानी के लिए चिन्हित करना, जैविक खेती को बढ़ावा देना कई मुद्दे हैं जो सरकार ने छुए हैं । लेकिन किसानों को और देने की जरूरत है। कृषि यंत्रों से जीएसटी समाप्त हो, फसलों का मूल्य लाभकारी हो, किसानों को एसपी के चक्कर में ना उलझाएं आदि की मांग की गई। वहीं, भाकिसं के जिला अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि हम जल्द ही ग्राम स्तर पर बैठकर शुरू करेंगे और किसानों को उनके हक के लिए जागरूक करेंगे। बैठक में जगाधरी ब्लॉक के अध्यक्ष राजेंद्र अमादलपुर ,राजकुमार खजूरी, मीडिया प्रभारी सुशील राणा, जिला सचिव विकास कमालपुर, उपाध्यक्ष रामकुमार व पंडित लक्ष्मी चंद आदि मौजूद रहे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने लिए राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव

राजनीतिक दलों के सुझावों के बाद मतदाता सूचियों और बूथों को किया जाएगा अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों से बातचीत करते अतिरिक्त उपायुक्त।

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि राजनैतिक दलों के सुझावों के बाद मतदाता सूचियों के बाद बूथों को मतदाता की सुविधा के अनुसार अपडेट किया जाएगा। इन मतदाता सूचियों में नाम काटने की प्रक्रिया को तेजी से करने, डबल वोट को काटने व मतदाता के निकटतम बूथ पर वोट डालने की सुविधा देने जैसे सुझावों को आगामी कार्रवाई के लिए हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के पास भेजा जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट बुधवार को लघु सचिवालय के एनआईसी कार्यालय में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा राजनैतिक दलों के सुझाव के सम्बन्ध में आयोजन बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी की तरफ से एडवोकेट विनित बजाज ने वोट काटने की प्रक्रिया को तेज गति के साथ सहज बनाने,मृत्यु और अन्य कारणों से वोट काटने, बीएलओ के मानदेय में बढ़ोतरी करने, मतदाताओं के बूथ उनके निकटतम क्षेत्र में हो, कांग्रेस पार्टी से सतीश कुमार ने अलग-अलग जगहों पर वोट होने के विषय को गंभीरता से लिया जाए, बहुजन समाज पार्टी से मान सिंह ने डबल वोट को काटने सहित अन्य सुझाव दिए है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा की हिदायत अनुसार बैठक का आयोजन किया जा गया है। इसका उद्देश्य जिला में मतदाता सूची नवीनतम अपडेट होनी चाहिए। मतदाता की वोट निकटतम केन्द्र पर दर्ज करवाई जानी सुनिश्चित की जाए। मतदाता सूची से डबल वोट को हटाया जाए। मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से विशेष अभियान चलाया जाए। मृतक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाया जाए और नए नियुक्त किये जाने वाले बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि एक बूथ पर एक बीएलओ इन कार्यों को कर रहा है। ऐसे में यदि राजनीतिक पार्टियों अपने बीएलए नियुक्त कर दें तो एक से ज्यादा सदस्य होने पर काम में आसानी आएगी और शुद्धता भी रहेगी। जिला निर्वाचन कार्यालय मतदाताओं से सभी आवेदन ऑनलाइन कर रहा है। ऑनलाइन आवेदन से कार्य जल्द पूर्ण होता है और फार्म के गुम होने का भी कोई भय नहीं होता है। एक जुलाई 2024 से जो नागरिक 18 वर्ष या इससे अधिक आयु का है तो वो भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल वोटरईएसआई.जीओवी.इन पर या वोटर हैल्प एप के माध्यम से सीधे ऑनलाइन प्राप्त किये जाएंगे।

चुनावों को शांतिमय ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी राजनीतिक पार्टियों का सहयोग आवश्यक : कपिल कुमार

- चुनाव से सम्बंधित सुझाव एवं मुद्दों बारे विचार-विमर्श करने के लिए बैठक का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

पिहोवा। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बातचीत करते एसडीएम कपिल कुमार।

उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने कहा कि चुनावों में राजनीतिक पार्टियों का अहम योगदान होता है। आपसी सहयोग के साथ चुनावों को शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न करवाना प्रत्येक पार्टी का कर्तव्य है। वे अपने कार्यालय में राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों से चुनाव से सम्बंधित सुझाव एवं मुद्दों बारे विचार-विमर्श करने हेतु एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि दीपक कुमार ने सुझाव देते हुए कहा कि कुछ मतदाताओं की वोट उनके वार्ड में नहीं होती, जिस वजह से उन्हें किसी अन्य वार्ड में वोट डालने के लिए जाना पड़ता है। इसलिए जो व्यक्ति जिस वार्ड में रहता है, उसकी वोट उसी वार्ड के बूथ पर होनी निर्धारित की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त इंडियन नैशनल कांग्रेस पार्टी के भगवान सिंह मटु ने अपने सुझाव में कहा कि वोटर लिस्ट पर जो फोटो होती है वह ब्लैक एंड व्हाईट होती है, जिससे व्यक्ति की पहचान ठीक प्रकार से नहीं हो पाती। वोटर लिस्ट पर जो फोटो होती है उसे रंगीन किया जाए। हरमनदीप विर्क ने कहा कि मतदान से दो या तीन दिन पहले मतदाता के मोबाइल पर मैसेज आ जाए कि उनकी वोट नम्बर क्या है तथा उनकी वोट किस बूथ पर व किस वार्ड में डलेगी।

वोटर पहचान पत्रों को आधार से लिंक करवाने का चल रहा कार्य

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिला निर्वाचन कार्यालय के अधीन विधानसभा लाडवा, शाहबाद, थानेसर और पिहोवा है, चारों विधानसभाओं में कुल 7,82,273 मतदाता हैं, इनमें 4,04,652 पुरूष, 3,77,603 महिलाएं और 18 थर्ड जेंडर शामिल हैं। जिला के वोटरों के लिए 810 मतदान केन्द्र हैं, इनमें से 201 मतदान केन्द्र शहर और 609 मतदान केन्द्र ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हैं। वोटर पहचान पत्रों को आधार से लिंक करवाने का कार्य चल रहा हैं, जिला में यह कार्य लगभग 75 प्रतिशत पूरा करवाया जा चुका है। इस मौके पर एसडीएम डा. चिनार चहल, एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम चुनाव तहसील संदीप, सहायक मीनू सैनी, सर्वजीत, विनोद, राजकुमार मेहंदीरत्ता, भारतीय जनता पार्टी से एडवोकेट विनित बजाज, इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से सतीश कुमार और बहुजन समाज पार्टी से मान सिंह प्रतिनिधियों सहित अन्य मौजूद रहे।

देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं में आयोजित होंगे कार्यक्रम : सिंगला

- 29 मार्च को मनाया जाएगा ब्रह्मचारी का अवतरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सनातन संस्कृति के प्रबल सम्पोषक, राष्ट्र एवं राष्ट्रीयता के मुखर उदबोधक, धर्म - अध्यात्म -सेवा -संस्कार तथा नैतिकता के माध्यम से राष्ट्र के सतत संरक्षक, जनसेवा, समाज सेवा एवं मानवता की सेवा के लिए देशभर के विभिन्न राज्यों में जयराम संस्थाओं का संचालन कर रहे परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी का अवतरण दिवस 29 मार्च को उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। श्रीजयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी के जन्मोत्सव के अवसर पर कुरुक्षेत्र के जयराम विद्यापीठ में यज्ञ एवं भगवान श्रीराम भक्त श्री हनुमान का विशेष पूजन होगा। ब्रह्मचारी श्रीहनुमान के अनन्य भक्त है। उनके द्वारा संस्थाओं के सभी सामाजिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक कार्यक्रम वीर हनुमान के आह्वान के साथ ही आयोजित होते हैं। सिंगला ने बताया कि ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी एवं महान संतों के सान्निध्य में जयराम आश्रम हरिद्वार में 29 मार्च को विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ गंगा पूजन एवं रुद्राभिषेक किया जाएगा। सिंगला ने बताया कि इन कार्यक्रमों में देशभर से सेवक एवं यजमान शामिल होंगे। सिंगला ने कहाकि सेवकों, ट्रस्टियों तथा आमजन में काफी उत्साह है।

एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शुरू

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने एन. एस. एस. यूटीडी इकाई एक ओर दो के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का कुरुक्षेत्र के पास गांव पबनावा में शुभारंभ किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलसचिव डॉ वीरेंद्र पाल ओर राष्ट्रीय सेवा योजना के कॉर्डिनेटर डॉ आनंद कुमार मुख्य रूप से सम्मिलित हुए और दीप प्राज्यलित कर शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश कुमार ने कैंप में होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया और डॉ पाल ने वॉलंटियर्स को इसके प्रति जागरूक किया और वालंटियर्स को अपने जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आग्रह किया। डॉ आनंद ने राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेषता के बारे में बताया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश कुमार ने बताया कि यह शिविर 19 मार्च से 25 मार्च तक चलेगा।

तजिंद्र सिंह के अनुभव का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- तजिंद्र सिंह गोल्डी को जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर दी बधाई

कुरुक्षेत्र। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष तजिंद्र सिंह गोल्डी को पुष्प गुच्छ भेंट करते प्रधान सचिन गुप्ता व मनीष सिंधवानी।

भारतीय जनता पार्टी ने तजिंद्र सिंह गोल्डी को कुरुक्षेत्र जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष तजिंद्र सिंह गोल्डी को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई देते हुए अग्रवाल सभा सेक्टर 5 के प्रधान अधिवक्ता सचिन गुप्ता ने कहा कि उनको उम्मीद है कि भाजपा के विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके तजिंद्र सिंह के अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा और संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। जिला अध्यक्ष तजिंद्र सिंह गोल्डी भाजपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने में अपने अनुभव का इस्तेमाल करेंगे। सचिन गुप्ता ने कहा कि तजिंद्र गोल्डी पूर्व में जिला के महामंत्री पद पर रहते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील राणा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते रहे है। इस प्रकार तजिंद्र सिंह गोल्डी के अनुभव का पार्टी को व पार्टी के कार्यकर्ताओं को अवश्य ही लाभ मिलेगा।

तजिन्द्र सिंह के नेतृत्व में पार्टी को मिलेगी मजबूती : धर्मवीर मिजार्पुर

कुरुक्षेत्र। हरियाणा पशुधन आयोग के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने नवनियुक्त भाजपा कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह गोल्डी को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने गोल्डी के नेतृत्व में पार्टी को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई। चेयरमैन धर्मवीर ने कहा कि तेजिन्द्र सिंह गोल्डी जैसे योग्य और समर्पित नेता के जिलाध्यक्ष बनने से कुरुक्षेत्र भाजपा को नई दिशा मिलेगी।

यूथ स्पोर्ट्स एसो. 21 को लगाएगी रक्तदान शिविर

लाडवा। लाडवा की यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने बड़े हनुमान मंदिर लाडवा में शहीदी दिवस के उपलक्ष में किए जाने वाले रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए एक मीटिंग बुलाई गई। अध्यक्षता जोग ध्यान ने की। जानकारी देते हुए जोगध्यान ने बताया कि इस रक्तदान शिविर का मुख्य संचालन व सभी जिम्मेवारियां संगठन की युवा टीम द्वारा किया जाएगा जिसमें मुख्य तौर पर विक्रम, सनी चनालिया, अमित गोहरी, रोहित सैन, शिविर का मुख्य कार्यभार संभालेंगे। रक्तदान शिविर 21 मार्च 2025 को सुबह 10 बजे महावीर दल धर्मार्थ हॉस्पिटल लाडवा में होगा जिसमें रक्त संग्रहण के लिए कुरुक्षेत्र से एलएनजीपी सिविल अस्पताल की टीम एवं रेडक्रॉस सोसाइटी कुरुक्षेत्र की टीम उपस्थित रहेगी। इस अवसर पर यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के उप प्रधान सरपंच राजेंद्र बपदी, कोच एवं महासचिव चमन लाल एवं युवा टीम के सदस्य साहिल अढ़ान, लव अहलावत, विकास संधु, लंकित बूरा, अमित बरगट, विकास जट्टेन, मनदीप सिंह व राम मित्तल उपस्थित रहे।

सांसद जिन्दल ने लोस सत्र में कुरुक्षेत्र में आईआईटी स्थापित करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- आईआईटी में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 65 हजार से बढ़कर 1 लाख 35 हजार हुई

सांसद नवीन जिंदल।

सांसद नवीन जिन्दल ने लोकसभा सत्र के दौरान कुरुक्षेत्र में आईआईटी की स्थापना की मांग उठाई है। सत्र के शून्य काल में सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि हरियाणा कृषि, रक्षा और खेलों में भारत का नाम रोशन कर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले 10 वर्षों में यहां से आईआईटी में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 65 हजार से बढ़कर 1 लाख 35 हजार हुई है। लेकिन अभी तक इस राज्य में आईआईटी जैसी तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान की स्थापना नहीं हुई। उन्होंने बताया कि हरियाणा के पास फिलहाल अपनी कोई आईआईटी नहीं है। जबकि रेवाड़ी में एम्स और रोहतक में आईआईएम जैसे संस्थान पहले से ही मौजूद है। जिनमें शिक्षा प्राप्त करके लाखों युवा अपना भविष्य संवार रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईआईटी को कुरुक्षेत्र में स्थापित करने की मांग को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी से बातचीत की है। यदि केंद्र हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आईआईटी स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी देता है तो प्रदेश सरकार इसके लिए भूमि अधिग्रहण सहित सभी औपचारिकताएं पूरी करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी इस संस्थान को खोले जाने में हर संभव सहयोग के लिए तैयार हैं। सांसद नवीन जिंदल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों सराहना भी की। साथ ही सांसद ने कहा कि हरियाणा के छात्रों को शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ अवसर मिले।

मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लाभ के लिए करें पंजीकरण : डीसी

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। अब लाभार्थियों को विवाह के ऑनलाईन पंजीकरण करवाने के उपरान्त ही योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए लाभपात्र विवाहिता की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने वाले परिवार को अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण करने उपरान्त ही विवाहित कन्या के माता-पिता को उक्त योजना का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको कन्या विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपए का लाभ दिया जाएगा।

कुरुक्षेत्र। महिलाओं को सम्मानित करती नप की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा।

धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में महिलाओं को बढ़-चढ़कर लेना चाहिए भाग : उमा सुध

कुरुक्षेत्र। नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा ने कहा कि महिलाओं को धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में हमेशा भाग लेना चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रमों से जहां भाईचारे की भावना जागृत होती है वहीं शिक्षा और संस्कार भी मिलते है। नप की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा बुधवार को श्रीसाई राम भगवान बाबा के 100वें जन्म उत्सव वर्ष पर चल रहे महिला दिवस कार्यक्रम की श्रंखला में बोल रही थी। इससे पहले श्रीसत्य साई सेवा संगठन की तरफ से आयोजित हनुमान चालिसा पाठ में नप की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा ने भाग लिया और विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में नप की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा ने भगवान श्री सत्य साई बाबा के जन्म शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत महिलाओं द्वारा हनुमान चालिसा पाठन व ओल्ड इज गोल्ड महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होने कहा की इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक महिलाओं को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

रेबीज नियंत्रण के लिए 27 स्वास्थ्य संस्थानों में अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण : सुखबीर

- चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग अधिकारियों एवं फामेर्सी अधिकारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं एवं सिविल सर्जन डॉ. सुखवीर सिंह ने कहा कि विभिन्न स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम, सर्पदश रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम तथा जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण एवं जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारी जिले के 27 स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग अधिकारियों एवं फामेर्सी अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण एवं जागरुकता अभियान आयोजित किए गए। कुत्ते के काटने के घाव को धोने के लिए बहते पानी एवं साबुन से युक्त कार्यशील वाउंड वॉशिंग रूम की स्थापना की गई। रेबीज रोधी टीका (एआरवी) सभी स्वास्थ्य संस्थानों (पीएचसी स्तर तक) में इंजेक्शन उपलब्ध है और आरवी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। रेबीज रोधी सीरम की जिला नागरिक अस्पताल में इंजेक्शन उपलब्ध है।

जागरुकता अभियान चलाया

सिविल सर्जन डॉ. सुखवीर सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए सभी 27 स्वास्थ्य संस्थानों एवं लगभग 117 स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों में व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग अधिकारी फामेर्सी अधिकारी स्वास्थ्य निरीक्षक, महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, आशा कार्यकर्ता एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शामिल रहे। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण, जनित बीमारियों, वायु प्रदूषण, मौसम से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।

आठ दिवसीय अंग्रेजी संभाषण कार्यशाला शुरू

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, कुरुक्षेत्र द्वारा विद्या भारती संस्कृति भवन में 18 मार्च से 25 मार्च 2025 तक आठ दिवसीय अंग्रेजी संभाषण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। प्रतिवर्ष विद्या भारती के द्वारा विभिन्न प्रांतों के आचार्यों के सम्भाषण विकास हेतु ऐसी कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। कार्यशाला का उद्घाटन हिन्दू शिक्षा समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उनके साथ कार्यशाला संयोजिका निधि सचर, व्यवस्था संयोजक सोमदत्त, उत्तर क्षेत्र समयदानी कार्यकर्ता शिवदत्त शर्मा, जम्मू प्रांत शिशु वाटिका सह संयोजिका मधुबाला तथा प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख सुनील चलोत्रा भी कार्यशाला में उपस्थित रहे। कार्यशाला में जम्मू प्रांत के शिशु वाटिका के कुल 15 आचार्य प्रतिभागी रहे। कार्यशाला के मुख्य वक्ता चेतराम शर्मा ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला। अपने वक्तव्य में उन्होंने बताया कि इस आठ दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अंग्रेजी भाषा कौशल को विकसित करना और उन्हें आत्मविश्वास के साथ संवाद करने में सक्षम बनाना है।

कुरुक्षेत्र। पेरामेडिकल होस्टल की शुरूआत के मौके पर स्टॉफ के साथ डा.एच.एस. गिल।

आदेश में अरदास के साथ पैरामेडिकल होस्टल के निर्माण कार्य का शुभारंभ

कुरुक्षेत्र। बुधवार को मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कॉलेज व अस्पताल में अरदास के साथ नये नर्सिंग एवं पैरामैडिकल होस्टल के निर्माण कार्य की शुरूआत कर दी गई। इस दौरान बोलते हुए आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा.एच.एस. गिल ने कहा कि आदेश ग्रुप से जुड़े हर व्यक्तित्व के सहयोग के साथ आदेश मैडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नित नयी बुलंदियों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि पैरामैडिकल छात्रों की आवश्यकता को देखते हुए इस निर्माण कार्य की शुरूआत की गई है और जल्द ही इसका कार्य मुकम्मल कर लिया जाएगा। डा. एच.एस. गिल ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि छात्र जिस जिस लक्ष्य के साथ आदेश में आए है उस सपने को साकार करके यहां से निकले और समाज व देश में अपनी सेवाएं दें।

कार्यक्रम 1008 कुण्डीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ में डल रही आहुतियों से पवित्र हो रहा वातावरण

कुरुक्षेत्र में 1008 कुंडों पर मंत्रोच्चारण से गूंजी धर्मनगरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र बुधवार सुबह से ही मंत्रोच्चारण से गूंजने लगी है। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम जी महाराज के सान्निध्य में 18 से 27 मार्च तक होने वाले 1008 कुण्डीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ शुरू हो चुका है। इस महायज्ञ में अब हर रोज एक लाख आहुतियां डाली जाएंगी। 27 मार्च तक चलने वाले महायज्ञ को पूरा करवाने के लिए देश भर से 1200 प्रकांड ब्राह्मण व 1500 विद्वान कुरुक्षेत्र में पहुंचे हैं। लोगों में भी महायज्ञ के प्रति गहरी श्रद्धा व उत्साह दिखाई दे रहा है। बड़ी संख्या में सुबह ही श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं।

यज्ञशाला में खास तौर पर धोती पहना व्यक्ति ही कर सकता है प्रवेश

आपको बता दें कि यज्ञशाला में धोती पहना व्यक्ति ही प्रवेश कर सकता है। पारंपरिक परिधान धारण किए यजमान ही यज्ञ शाला में बैठकर आहुतियां डाल रहे हैं। वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच हवन कुंड में डल रही आहुतियों से वातावरण स्वच्छ और पवित्र हो रहा।

24 राज्यों में अब तक 101 महायज्ञ कर चुके यज्ञ सम्राट

गौरतलब है कि यज्ञ सम्राट हरिओम जी महाराज देशभर के 24 राज्यों में अब तक 101 महायज्ञ कर चुके हैं, इनका संकल्प भारतवर्ष 108 महायज्ञ करने का है। कुरुक्षेत्र में आयोजित महायज्ञ 102वाँ महायज्ञ होगा जिसको लेकर देश भर के धर्मप्रेमियों में भारी उत्साह है। इस महायज्ञ में संपूर्ण भारतवर्ष से संत महात्मा, ऋषि, महंत, ब्राह्मण, सनातनी भक्तजन शामिल होंगे। इस महायज्ञ से पूरे विश्व में सनातन और शांति का संदेश जाएगा।

26 मार्च को होगी धर्म संसद, जुटेगा संत समाज

काबिलेजिक्र है कि 26 मार्च को केशव पार्क में धर्म संसद का आयोजन किया जाएगा। शाम 5 से 7:30 बजे तक आयोजित होने वाली धर्म संसद में देश भर के असंख्य संत, महापुरुष हिस्सा लेंगे।

प्रतिदिन सुबह से दोपहर होगा यज्ञ

गौरतलब है कि यज्ञशाला में 26 मार्च तक सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। 27 मार्च को यज्ञ एवं पूर्ण आहुति के साथ महायज्ञ संपन्न होगा। इसी प्रकार प्रतिदिन शाम 3 बजे से 5 बजे तक पूर्व डीजीपी आरसी मिश्रा द्वारा श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन रात्रि 7:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक दिव्य महाआरती स्वामी हरिओम जी द्वारा की जाएगी।

खबर संक्षेप

किया जाएगा समस्याओं का समाधान

अंबाला। महाप्रबंधक दूरसंचार के सहायक महाप्रबंधक(प्रचालन) ने बताया कि सभी दूरभाष केंद्रों के उपभोक्ताओं की टेलीफोन सेवाओं से संबंधित शिकायतों की सुनवाई के लिए टेलीफोन अदालत तथा खुला दरबार का 24 मार्च 2025 दिन सोमवार को 12:00 बजे किया जाएगा। कार्यालय महाप्रबंधक दूरसंचार में सभी उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनकर समाधान किया जाएगा। इस अदालत मे उपभोक्ताओं की समस्याओं एवं शिकायतों का निपटारा महाप्रबंधक दूरसंचार द्वारा किया जाएगा।

1076 शिकायतों का किया निपटान

अंबाला। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह ने कहा कि जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर लोगों के लिए बेहद ही कारगर सिद्ध हो रहे हैं। 25 नवंबर 2024 से लेकर 18 मार्च 2025 तक यहां पर आयोजित समाधान शिविर में 1154 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 1076 शिकायतों का निपटान किया गया हैं। 78 शिकायतों पर विभागीय अधिकारी कार्रवाई कर रहे हैं। इन शिकायतों एका भी जल्द निपटान करते हुए प्रार्थियों की समस्याओं का हल किया जाएगा।

मिलेगा एक लाख रुपये का इनाम

अंबाला। प्रदेश सरकार द्वारा आजादी की पहली लड़ाई में शामिल और शहीद हुए लोगों और वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने हेतु अंबाला कैंट के नजदीक अंबाला-नई दिल्ली नेशनल हाईवे-एनएच 44 पर 22 एकड़ भूमि पर एक भव्य और विशाल शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से इस शहीद स्मारक के लिए प्रतीक चिह्न (लोगो) तैयार करने हेतु इच्छुक व्यक्ति/डिजाइनर/कलाकार एवं आमजन से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। जिस व्यक्ति के लोगो का चयन होगा उसे विभाग की ओर से एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा।

तीन बंदियों को मिली रिहाई

अंबाला। सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने केंद्रीय कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया। इस जेल लोक अदालत में 6 मुकदमों पर सुनवाई हुई। इनमें 3 बंदियों को निर्धारित शर्तों पर रिहा किया गया। सीजेएम ने बताया कि प्रतिमाह जेल लोक अदालत का आयोजन पहले एवं तीसरे बुधवार को किया जाता है। इसके अलावा बिजली, पानी इत्यादि संबंधित प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमे स्थायी लोक अदालत में लगाकार निपटाए जा सकते हैं।

युवा अपना वोट जरूर बनवाएं: उपायुक्त

अंबाला। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि चुनावों को सफलतापूर्वक आयोजन करवाने में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती हैं। मत की महत्वता को ध्यान में रखते हुए जो भी युवा 18 वर्ष की आयु पूरी करता है वह अपना मत अवश्य बनवाएं। इस कार्य में राजनीतिक प्रतिनिधि भी आमजन को जागरूक करें। तोमर अपने कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक ले रहे थे।

असीम गोयल बोले- मील का पत्थर साबित होगी आईएमटी

आधा दर्जन गांव में लाखों की विकास योजनाओं का पूर्व मंत्री ने किया उद्घाटन

अंबाला शहर में विकास का पहिया इसी तरह निरन्तर चलता रहेगा विकास कार्यों के लिए सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अबाला। विकास कार्यों का शिलान्यास करते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के गांव तर,मस्तपुर,भड़ी,सुल्लर और धुरखड़ा को प्रदेश की नायब सरकार ने करोड़ों की सौगात दी है। इसके तहत विभिन्न गांवों में पूरे हुए विकास कार्यों व नए शुरू होने वाले विकास कार्यों का पूर्व मंत्री असीम गोयल ने उद्घाटन व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा पेश किए गए पहले ही बजट में आईएमटी के लिए रखे गए बजट को लेकर भी असीम गोयल ने सीएम नायब सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का भी आभार व्यक्त किया।

बता दें कि पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने बुधवार को सबसे पहले अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के गांव तर में लगभग 23 लाख रुपए की लागत से रास्ते के निर्माण कार्य का शिलान्यास व लगभग 8 लाख रुपए की लागत से बने सड़क व नाली के कार्य उदघाटन किया व गांव मस्तपुर की लगभग 13 लाख 67 हजार रुपए की लागत से खेतों के रास्ते बनाने के कार्य का शिलान्यास कन्या के हाथों करवाया l इसके बाद गांव भडी में लगभग 11 लाख 13 हजार रुपए की लागत से खेतों के रास्ते के निर्माण कार्य का शिलान्यास व लगभग 4 लाख 16 हजार की लागत से पंचायत घर में शौचालय, चारदीवारी के निर्माण कार्य, 2 लाख 50 हजार की लागत से एससी चौपाल के निर्माण कार्य का उद्घाटन व 3 लाख रुपए की लागत से फिरनी की सड़क के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। गांव सुल्लर में 6.50 लाख की लागत से बने नाले व लगभग 8 लाख रुपये की लागत से बनी बीसी चौपाल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही सुल्लर गांव में ही लगभग 14 लाख से बनने वाले रास्ते के निर्माण का शिलान्यास भी किया। अंत में पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल धुरखड़ा गांव पहुंचे। यहां लगभग 27.7 लाख की लागत से बनने वाले रास्ते के निर्माण का शिलान्यास किया। असीम गोयल ने बताया कि अंबाला शहर में विकास का पहिया इसी तरह निरन्तर चलता रहेगा। विकास कार्यों के लिए सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा,मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाना,गुरजंट सिंह,सरपंच चनप्रीत सिंह,जसविंदर सिंह,गुरचरण सिंह,संजीव गोयल,डिप्टी मेयर राजेश मेहता,मोंटी सुल्लर व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

युवाओं को अच्छा रोजगार मिलेगा

मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा पेश किए गए पहले ही बजट में आईएमटी अंबाला शहर के लिए रखे गए बजट को लेकर भी असीम गोयल ने मौजूदा सीएम नायब सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का भी आभार व्यक्त किया। असीम गोयल ने अपने संबोधन में कहां कि आज आईएमटी सिर्फ विकास के लिए ही नहीं बल्कि हमारी नौजवान पीढ़ी के लिए भी बेहद जरूरी प्रोजेक्ट है। यह परिवार को परिवार के साथ जोड़कर रखने का प्रोजेक्ट भी साबित होगा। क्योंकि क्षेत्र के युवा या तो विदेशों की तरफ रुख कर रहे हैं या फिर पढ़ लिखकर घरों से दूर काम कर रहे हैं। आईएमटी स्थापित होने के बाद जब इलाके में ही बड़ी बड़ी कंपनियां आएंगी तो युवाओं को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। युवाओं यहीं अच्छा रोजगार मिलेगा।

अंबाला। शिविर में रक्तदान करते छात्र। फोटो : हरिभूमि

जीएमएन कॉलेज में छात्रों ने किया स्वेच्छा से रक्तदान

- जेसीआई, सिविल अस्पताल व फोर्टिस अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में जेसीआई अंबाला , सिविल अस्पताल अंबाला कैंट एवं फोर्टिस अस्पताल, मोहाली व ड्रॉप्स ऑफ चेंज के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में महिलाओं में कैंसर की जांच भी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जेसी जगदीप सिंह सोढ़ी ने शिरकत की।कार्यक्रम की अध्यक्षता जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के द्वारा की गई। यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कार्यक्रम में संयोजक की भूमिका निभाई । मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान है क्योंकि जब आप रक्तदान करते हैं तो सिर्फ अपना रक्त नहीं देते बल्कि एक या एक से अधिक लोगों को जीवन दान भी देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें हर परिस्थिति में रक्तदान करना चाहिए। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि रक्तदान के माध्यम से रक्त कोशिकाओं में आयरन को कम करके दिल और स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है ।

स्वास्थ्य भी जांचा

फोर्टिस अस्पताल से आए विशेषज्ञ डॉक्टर,डॉ. विशाल और डॉ. दीप्ति ने रक्तदान के महत्व और महिला कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाई। उन्होंने बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर रक्तदान से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। कार्यक्रम में जेसीआई के अध्यक्ष विभू शर्मा एवं रोहित जैन, सुमित गुप्ता ,आदित्य वर्मा ,अंतिश मित्तल, विपिन शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने रक्तदान के महत्व को समझाते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और लोग आगे बढ़कर रक्तदान के लिए प्रेरित होते हैं। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अध्यापकों और स्थानीय नागरिकों ने रक्तदान किया और महिला कैंसर जांच शिविर में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

आधार बनाने व अपडेट करने का काम ठप

- दर्जनों गांवों के लोगों को आधार बनवाने व अपडेट करवाने के लिए करना पड़ रहा है लंबा सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

उप-तहसील में पिछले करीब तीन महीनों से आधार कार्ड बनाने और अपडेट होने का कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। जिस कमरे में पहले आधार अपडेट किए जाते थे वहां अब एक नोटिस लगा दिया गया है कि ऑपरेटर उपलब्ध नहीं है। इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आधार अपडेट कराने के इच्छुक लोगों को अब मुलाना से करीब 9 किलोमीटर दूर बराड़ा जाना पड़ रहा है। स्थिति और भी मुश्किल इसलिए हो गई है क्योंकि बराड़ा में भी आधार सेवा केवल हफ्ते में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को ही उपलब्ध है।

सीमित दिनों की इस सुविधा के कारण वहां भारी भीड़ लग रही है जिससे लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। कई बार उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। जब बराड़ा भी काम नहीं हो पाता तो लोगों को मुलाना से करीब 25 किलोमीटर जाना पड़ता है। या फिर दूसरे जिलों में भटकना पड़ता है।



आप सभी को सूचित किया जाता है।
कि आधार कार्ड से संबंधित कार्य अब
बराड़ा **नई तहसील** में दिन
सोमवार,बुधवार,शुक्रवार को किए
जाते हैं।
इसके अलावा **अंबाला कैंट सिविल**
अस्पताल में आधार कार्ड का कार्य पूरे
सप्ताह किया जाता है।

तहसील के बाहर चस्पाया नोटिस।

जल्द समाधान

आधार कार्ड अपडेट करने वाला ऑप्रेटर अब यहां नहीं बैठता। कमरे के बाहर नोटिस भी लगाए गए है। इसकी वजह से लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। उम्मीद है कि नए ऑप्रेटर के बाद यहां आधार अपडेट करने का काम शुरू हो जाएगा। -आलमगीर, नायब तहसीलदार, मुलाना

फैक्ट्रियों से निकलने वाला पानी बना परेशानी

- समिति के पदाधिकारियों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

कालाअंब में स्थित पवित्र मारकंडा नदी में फैक्टरियों द्वारा गंदा व विषैला कचरा डालने से रोकने हेतु मारकंडा सेवा समिति के सदस्यों ने बुधवार को नायब तहसीलदार संजीव अत्री को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कचरा डालने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा तुरंत कचरा गिराने से रोकने की मांग की। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि कुछ व्यक्ति और कंपनियां इस नदी में कचरा डालने की अव्यवस्थित तरीका अपना रही हैं। इसके कारण नदी में प्रदूषण फैल रहा है। साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। मारकंडा नदी सांस्कृतिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। अब औद्योगिक और घरेलू कचरे का डंपिंग जोन बन गई है जिसमें प्लास्टिक , अपसंस्कृत औद्योगिक अपशिष्ट रसायनिक कचरा और अन्य खतरनाक सामग्री शामिल है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यह प्रदूषण न केवल पानी की गुणवत्ता को बिगाड़ रहा है बल्कि नदी में मौजूद जलीय जीवन के लिए भी खतरनाक है।

नारायणगढ़। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने जाते मारकंडा सेवा समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

समिति ने मांग की कि जल्द से जल्द इस महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन को बचाने के लिए कार्रवाई की जाए तथा जो लोग नदी में प्रदूषण फैला रहे हैं उन पर भारी मात्रा में जुर्माना लगाने के साथ-साथ कठोर कार्रवाई भी की जाए। ज्ञापन देने वालों में मानव अधिकार संरक्षण संघ की सुनीता भंडारी, अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद विभागीय अध्यक्ष विक्रांत शर्मा, मारकंडा सेवा समिति के रामपाल, रमेश कुमार, अरूण, अमन, इंद्र, सागर तथा गुरप्रीत सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

स्वामी दयानंद गिरी महाराज का 106वां जन्मदिवस मनाया

- अनेकों श्रद्धालु दूर दराज से आकर उनके दर्शन करते थे

अंबाला। स्वामी दयानंद गिरी महाराज का बुधवार को 106 वां जन्मदिन मनाया गया। अंबाला शहर में घेल रोड पर स्थित स्थान को विरक्त कुटिया का नाम दिया गया है। बताते हैं कि जब स्वामी जी यहां आते थे तो यहां पर कई दिनों तक तपस्या करने के लिए एक बोरी पर बैठकर एक छोटे से पुरानी ईंट से बने कमरे में ही रहते थे। अनेकों श्रद्धालु दूर दराज से आकर उनके दर्शन करते थे। स्वामी तीन घरों से तीन रोटी लेते थे और एक वक्त ही भोजन करते थे। न ही वो किसी को ज्यादा अपने पास बैठने देते थे। स्वामी को अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, गुजराती,संस्कृत समेत कई भाषाओं का ज्ञान था उन्होंने कई आध्यात्मिक ग्रंथ लिखे । कहते है कि वो ज्यादातर पैदल ही यात्रा करते थे। उनकी जरूरतें भी कम से कम थी। अब भी अंबाला शहर के वासी उनको याद करते हैं उनकी राह पर ही उनके शिष्य स्वामी गोबिंद महाराज चल रहे हैं।

अंबाला। स्वामी दयानंद गिरी महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मौजूद पदाधिकारी।

सरसों की सरकारी खरीद प्रारंभ

- पहले दिन 5950 रुपये क्विंटल बिकी सरसों ,सरकार का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

अनाज मंडी में बुधवार से सरसों की सरकारी खरीद आरंभ होने से किसानों के चेहरे खिले उठे। सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड ने खरीद के पहले दिन मात्र 11 क्विंटल सरसों की खरीद 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की। बता दें कि पिछले कई वर्षों से अनाजमंडी से सरसों व सूरजमुखी की सरकारी खरीद आरंभ करने को लेकर अनाजमंडी एसोसिएशन प्रयासरत थी। पहले अंबाला में अंबाला, मुलाना तथा शहाजादपुर अनाजमंडी से विभिन्न सरकारी एजेंसियां सरसों व सूरजमुखी की सरकारी खरीद करती थी। एसोसिएशन के प्रयासों से अब नारायणगढ़ अनाजमंडी से भी प्रदेश सरकार ने सूरजमुखी की सरकारी खरीद आरंभ कर दी है।

पहले दिन सरसों की बोली के समय मार्केट कमेटी की लेखाकार इंदु रानी, ऑक्शन रिकार्डर दिनेश कुमार सहित अनाजमंडी एसोसिएशन के प्रधान व अन्य आढ़ती उपस्थित रहे। बता दें कि खुले बाजार में सरसों मात्र 5500 व 5600 प्रति क्विंटल की दर से बिक रही थी। प्रदेश सरकार ने सरसों का सरकारी मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है।

नारायणगढ़। सरसों की खरीद करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

मानसून सीजन से पहले नालों की सफाई के आदेश

- एसडीएम बोले–नहीं होनी चाहिए लापरवाही

बराड़ा। एसडीएम अमित भारद्वाज ने लघु सचिवालय के सभागार में मानसून सीजन के दौरान अधिक वर्षा होने की स्थिति में संभावित बाढ़ के खतरो से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आपदा के समय आपसी समन्वय से जानमाल की बेहतरीन सुरक्षा की जा सकती है। साहस और समझबूझ के साथ-साथ दक्षता से अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी संभावित बाढ़ वाले स्थानों को चिन्हित कर लें और सुदृढ़ व्यवस्था करे। एसडीएम ने नगर निगम, पब्लिक हेल्थ, मार्केटिंग बोर्ड, पीडब्लूडी व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नालों और सीवरेज की सफाई जल्द कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक्शन प्लान बनाकर नाले और नालियों की सफाई करवाएं, समय पर सभी कार्य पूरे करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बाढ़ के दौरान स्थिति से निपटने के लिए नौकाओं एवं गोताखोरों को संसाधनों सहित मुस्तैद रखें। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जरूरत की जगहों पर ठोकरो व तटबंधों की सुरक्षा पुख्ता करे।

नशे के खिलाफ किया जागरूक

- नशामुक्त समाज के लिए छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली, नाटक भी प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर में बुधवार को विभिन्न शैक्षणिक व सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ एनएसएस गीत गाकर किया गया।

प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे इस कैंप से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में अपनाएं और समाज के प्रति कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करें। डॉ. दलजीत कौर ने /"नैतिक शिक्षा/" विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर दिया। उन्होंने कहा कि नैतिक शिक्षा व्यक्ति के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और आत्मसंयम व अनुशासन की प्रेरणा देती है। डॉ. नवनीत कौर ने /"रोड सेफ्टी/" पर छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि सड़कें केवल नेटवर्किंग का साधन नहीं होतीं बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था के विकास में भी अहम योगदान देती हैं। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव रजौली में /"नशा मुक्त भारत/" पर जागरूकता रैली निकाली। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को नशामुक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर राजेश सैनी ने प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया और डेमो के माध्यम से बताया कि घायल व्यक्ति की जान कैसे बचाई जा सकती है।

बराड़ा। शिविर के दौरान मौजूद कॉलेज छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

आश्वासन सहमति के बाद नपा व ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन सात दिन के लिए स्थगित किया

सफाई कर्मचारियों की मांगों पर बनी सहमति, 24 तक मिलेगी सुविधाएं

कर्मचारियों की मांगों पर सचिव नपा की अध्यक्षता में ठेकेदार के साथ मीटिंग हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों की मांगों पर सचिव नगरपालिका की अध्यक्षता में ठेकेदार के साथ मीटिंग हुई। ठेकेदार के प्रतिनिधि ने अधिकारी को लिख कर दिया कि वर्कआर्डर अनुसार न्यूनतम वेतन, पीएफ, वर्दी, ईएसआई व गलत रूप से वेतन कटौतियों के भुगतान समेत सभी सुविधाएं कर्मचारियों को 24 मार्च तक दे दी जाएंगी। मौका पर ही ठेकेदार ने कर्मचारियों को बूट व गलब्ज वितरित किए तथा ईएसआई नंबर की लिस्ट भी व्हट्सएप पर उपलब्ध करवाई। सचिव नगरपालिका ने मीटिंग में यह भी कहा कि घरों से हर दिन कूड़ा उठाने का स्थायी समाधान जल्द हो जाएगा। इसके साथ ही कूड़ा उठा रहें कर्मचारियों के 2023 के 70 दिन व 2024 के 28 दिन के बकाया वेतन के भुगतान बारे 21 मार्च को डीएमसी के साथ होने वाली बैठक में निर्णय लेकर संगठन को सूचना दें।

नारायणगढ़। सचिव के साथ खड़े ठेकेदार के प्रतिनिधि व सफाई कर्मी तथा सीटू नेता।

टेंडर रद होगा

गौरतलब है कि सफाई कर्मचारी पिछले छह दिनों से अपनी ड्यूटी के बाद जनता के बीच जाकर आपबीती सुना रहें थे कि उनके साथ किस प्रकार से शोषण हो रहा है। साफ सफाई के नाम पर शहर की जनता के खून पसीने की कमाई किस तरह लूटी जा रही है इसकी भी जानकारी दी जा रही थी। इसके चलते ही नगरपालिका प्रशासन ने वर्कआर्डर को लागू करने के लिए ठेकेदार को अल्टीमेटम देते कहा था कि यदि मांगों का हल नहीं किया तो टेंडर रद्द कर दिया जाएगा। इसके बाद ही यह बैठक हुई। फिलहाल एक सप्ताह के लिए धरना-प्रदर्शन रुक गया है।